मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 10 | अंक - 48 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 21 अगस्त से 27 अगस्त 2023 | पृष्ठ : 08 | कीमत : 3 /- रुपये

## महाराष्ट्र के ठाणे में टेंपो से कुचलकर नाबालिग लड़की की मौत....

### पुलिस ने टेंपो जब्त कर मामला किया दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक तेज रफ्तार टेंपो की चपेट में आने से सात साल की एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। भायंदर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात करीब आठ बजे भायंदर इलाके के भोलेनाथ नगर में हुई जब लड़की अपने घर के बाहर खेल रही थी। उन्होंने बताया कि घायल लड़की को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। इलाके के कुछ लोगों ने टेंपो चालक को पकड़ लिया। अधिकारी ने कहा कि बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और भारतीय दंड संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया और टेंपो जब्त कर लिया गया।

## मुंबई में इस बार कम बारिश से झीलें खाली, हो सकता है पानी का संकट...

### कमिश्नर ने की अपील... हिसाब से करें पानी खर्च

**मुंबई:** अगस्त में सामान्य से भी कम बारिश ने मुंबई में बीएमसी की चिंता बढ़ा दी है। बीएमसी कमिश्नर आई.एस. चहल ने मुंबईकरों से अपील की है कि लोग संभलकर पानी का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली प्रमुख झीलें अभी भी खाली हैं। 19 अगस्त की सुबह 6 बजे तक मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली सभी 7 झीलों में उनकी कुल क्षमता का 83.51 प्रतिशत जलभंडार था। हालांकि, 9 अगस्त को पानी की कटौती रद्द करते वक्त चहल ने कहा था कि जुलाई में अच्छी बारिश हुई है। यही स्थिति अगस्त और सितंबर 2023 में भी रहने की उम्मीद है। कटौती रद्द करते वक्त झीलों में करीब 81 प्रतिशत पानी था। चहल ने कहा कि मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली कोई भी प्रमुख झील वर्तमान में ओवरफ्लो नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर पानी आपूर्ति करने वाली झीलों के ओवरफ्लो होने की खबरें प्रसारित की जा रही हैं। यह बेबुनियाद है। प्रमुख झीलों में से सबसे बड़ी अपर वैतरणा झील में इसकी कुल भंडारण क्षमता का 71.09 प्रतिशत पानी का स्टॉक था, जबकि भातसा झील में कुल क्षमता का 78.16 प्रतिशत पानी था। बता दें कि मुंबई को अपर वैतरणा, मोडक सागर, मध्य वैतरना, तानसा, भातसा, तुलसी और विहार झील से प्रतिदिन 3850 एमएलडी पानी की आपूर्ति होती है। 1 अक्टूबर को सातों झीलों में 14,47,363 एमएलडी पानी का स्टॉक रहने पर ही बीएमसी मुंबई को बिना कटौती के अगले मॉनसून तक पानी आपूर्ति कर सकती है।



**तकनीकी कारणों से खोलने पड़े गेट**


मॉनसून के दौरान इस सप्ताह 'हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे जलाशय' यानी मध्य वैतरणा झील के 2 गेट खोले गए। इससे छोड़ा गया पानी उसी के निचले हिस्से में मोडक सागर झील में जमा होता था। कुछ तकनीकी और सुरक्षा संबंधी कारणों के चलते तालाबों के पूरी तरह न भरने पर भी उनके गेट खोलने पड़ते हैं। अधिकारियों ने बताया कि गेट खोलने का यह मतलब नहीं है कि झील ओवरफ्लो हुई है। जुलाई की तुलना में अगस्त में काफी कम बारिश हुई है। बीएमसी हाईड्रॉलिक डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई की विहार झील 100 प्रतिशत और तुलसी झील 99 प्रतिशत भरी हुई हैं, जबकि इन झीलों से बहुत कम पानी की आपूर्ति होती है।

**मुंबई की झीलों में पानी का स्टॉक :**

अपर वैतरणा : 161400 एमएलडी - 71.09 प्रतिशत
- मोडक सागर : 123313 एमएलडी - 95.65 प्रतिशत
- तानसा - 142004 एमएलडी - 97.88 प्रतिशत
- मध्य वैतरणा - 185811 एमएलडी - 96.01 प्रतिशत
- भातसा - 560462 एमएलडी - 78.16 प्रतिशत
- विहार - 27698 एमएलडी - 100 प्रतिशत



दीप्ति सेलीटर हाल में अखिल भारतीय सविता महासंघ की कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई जिसमे संगठन तथा दशहरा स्नेह सम्मेलन के बारे में चर्चा हुई तथा आय व्यय का लेखा जोखा का हिसाब संघ के अध्यक्ष श्री जयप्रकाश जी शर्मा जी ने महासंघ के कोषाध्यक्ष श्री राकेश सेमुआ जी को सोपा जिसे संघ के महासचिव अशोक शर्मा ने लेखा जोखा सभी पदाधिकारियों कार्यकताओं के सामने रखा जिसे सभी ने करतल ध्वनि से स्वीकार किया। बाद में सुमधुर भोजन के साथ सभा को समाप्ति की घोषणा किया गया। इसमें मुख्य रूप से श्री शिवप्रसाद शर्मा श्री अनिल शर्मा, श्री रामजीत शर्मा, श्री अनंतलाल शर्मा, श्री नवनीश शर्मा, श्री छोटेलाल शर्मा, श्री योगेन्द्र सेमूआ, श्री सुशील शर्मा, श्री बद्री ठाकुर, श्री राहुल शर्मा, श्री जयनाथ शर्मा, श्री सचिन शर्मा, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



तस्वीर में बाएं से : राजेश कुमार शर्मा पूर्व बीडीसी, प्रधान संपादक छोटेलाल शर्मा, वरिष्ठ संवाददाता अमर उजाला शिवा शर्मा.

**मिर्जापुर,** विगत दिनों हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के प्रधान संपादक ने वरिष्ठ पत्रकार एडवोकेट शिवा शर्मा से चुनार मिर्जापुर में उनकी निजी आवास पर मुलाकात की।

शिवा शर्मा अपनी सेवाएं दैनिक अमर उजाला को देते हैं। बता दें जिस क्षण में उनके आवास पर पहुंचा उन्होंने मैत्रीपूर्ण भाव और खुली बाहों से मेरा स्वागत किया। इस आत्मीय भाव के लिए मैंने कृतज्ञता व्यक्त की।

हाल के दिनों में शिव शर्मा ने कई मौकों पर पत्रकारिता के उत्कृष्ट प्रयासों का उदाहरण प्रस्तुत किया। जिसकी मैं चाहे दिल से स्तुति करता हूं। उन्हें अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिवादन किया।

**संचालक**

**उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई. यांचे कार्यालय,**

बांधकाम भवन, दुसरा मजला, २५, मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई - ४०० ००१.

Email-dirmum.pg@mahapwd.com ☎:- ०२२-२२०१६८५२

**जा.क्र.संउवउ/ले.शा./बी-१/नि.प्र./११७०/२३-२४. दिनांक :- ११/०८/२०२३**

**निविदा सुचना क्र. ३७ सन २०२३-२४**

संचालक, उपवने व उद्याने, मुंबई यांचे कार्यालय, २ रा मजला, मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई-४००००१, दुरध्वनी क्रमांक-०२२-२२०१६८५२ महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडून योग्य त्या कंत्राटदारांकडुन खालील कामाकरीता ब-१ नमुन्यातील निविदा मागवित आहेत. निवीदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार संचालक, उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, फोर्ट, मुंबई यांनी राखून ठेवला आहे अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| | |
|---|---|
| कामाचे नाव | १) मलबारहिल मुंबई, येथील चिफ जस्टीस हाऊसच्या उद्यान परिसरात पाण्याची टाकी तसेच भाजीपाला शेडचे पाईपांचे फ्रेमिंग करणे, शासकीय बंगला "वर्षा" येथे महानगरपालिकेच्या जोडनिपासून मागिल बाजूच्या पाण्याच्या टाकीपर्यंत पाईपलाईन टाकणे तसेच शासकीय बंगला "शिवगीरी" येथे मागील बाजुच्या पदपथाच्या विटांचे कर्बिंग करणे. **कामाची अंदाजीत रक्कम रु. ३,४९,०२२/-** २) महात्मा गांधी उद्यान, मादाम कामा रोड, मुंबई येथे ३ शिफ्टमध्ये खाजगी सुरक्षा रक्षक (पुरूष) पुरविणेबाबत. **(फेरनिवीदा)** **(कालावधी सप्टेंबर २०२३ ते जुलै-२०२४ म्हणजेच ११ महिन्यांच्या कालावधीसाठी)** **कामाची अंदाजीत रक्कम रु. ७,००,१८३/-** |
| निविदा उपलब्ध कालावधी | : **दि. २१/०८/२०२३** सकाळी १०.३० पासून ते **दि. २८/०८/२०२३** रोजी १६.०० पर्यत. (ठिकाण- संचालक, उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई यांचे कार्यालय, बांधकाम भवन, २ रा मजला, २५-मर्झबान पथ, फोर्ट, मुंबई-४००००१.) |
| निविदा स्विकारण्याची दिनांक | : **दि. २९/०८/२०२३** रोजी **१४.००** पर्यत (ठिकाण- संचालक, उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई यांचे कार्यालय, बांधकाम भवन, २ रा मजला, मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई-४००००१) दुरध्वनी क्रमांक-०२२-२२०१६८५२ |
| निविदा उघडणे (शक्य झाल्यास) | : **दि. २९/०८/२०२३** रोजी **१५.३०** पर्यत |
| **संचालक, उपवने व उद्याने, मुंबई – ४००००१ यांचे कार्यालयातील सूचना फलक.** | |

**(वि.गो.रावळ)**
**संचालक**
**उपवने व उद्याने**
**महाराष्ट्र राज्य, मुंबई.**

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C२९५१



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# सत्ता में पहुंचकर भूल गए ...

भारत का एक सामान्य नागरिक अधिक से अधिक कितने राजनीतिक दलों से परिचित होता है? यह माना जा सकता है कि मुख्य दलों से सभी परिचित होते हैं। अनेक स्थानों पर क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय दलों से अधिक चर्चित होते हैं। हाल में 26 और 38 राजनीतिक दलों की हुईं दो अलग-अलग बैठकें भारत की राजनीति में अधिकांश दलों की स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट कर देती हैं। वर्तमान समय में कौन दल, किसके साथ, कब गठबंधन कर लेगा और कितने दिन बाद फिर वापस नहीं लौट जाएगा, इस पर राजनीति के बड़े-बड़े पंडित भी कुछ कहने में असमर्थ होंगे। इस समय भारतीय राजनीति में सत्ता के लिए सिद्धांतों को नकारने वालों में सामान्य जन में सबसे अधिक चर्चित नाम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का है। वह राजनीति में जेपी आंदोलन के समय उभरे थे। वैसे नीतीश कुमार के ऊपर अपार धन संग्रह के ऐसे आरोप कभी नहीं लगे, जो उत्तर प्रदेश और बिहार के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों पर लगातार लगते रहे, लेकिन उन्होंने भी उन्हीं की तरह जेपी के सिद्धांतों को पूरी तरह नकार दिया। जेपी के इन तीनों शिष्यों से अपेक्षाएं तो बहुत बड़ी-बड़ी उभरी थीं, लेकिन सत्ता में पहुंचकर ये वही सब भूल गए, जिसके लिए उन्होंने लाठियां खाई थीं।

दलगत राजनीति में राष्ट्र और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के प्रति निर्बाध समर्पण करने वालों की उपस्थिति जिस तेजी से पिछले चार-पांच दशकों में घटी है, उससे दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले सामान्य जन भी अवगत हो चुके हैं। वैसे आजादी के बाद के तीन दशकों में ही इसकी शुरूआत हो गई थी, लेकिन उसके उपरांत इसकी गति तेज हो गई। आज इसमें क्षेत्रीयता, जातिवाद, परिवारवाद और मुस्लिम समुदाय की वोट बैंक के रूप में स्थापना जैसे तत्वों के शामिल हो जाने से स्थिति भयावह हो गई है।

उच्च संवैधानिक पदों पर पहुंचे लोग जिस तेजी से धनवृद्धि और वैभव में लिप्त हो गए, जनहित उसी तेजी से पीछे चला गया। सरकारी बंगलों तक से ऐसा लगाव पैदा हुआ कि माननीयों के लिए स्वजनों को उत्तराधिकारी बनाना ही एकमेव लक्ष्य बन गया। आज छोटे-बड़े नेताओं के ही नहीं, बल्कि नेताओं के सहायकों के घर करोड़ों की नकदी मिलती है तो किसी को आश्चर्य नहीं होता है। आइएएस अधिकारियों के घरों से जब 15-20 करोड़ की नकदी बरामद की जाती है तब व्यवस्था में नैतिकता की खोज करने या वैसी अपेक्षा का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। इसमें सजा तो अपवादस्वरूप कुछ को ही मिली, मगर वे भी देश की राजनीति से अलग नहीं हुए। आज अपने राजनीतिक दलों को परिवार को समर्पित कर निश्चिंत होकर बिना किसी लज्जा या शर्म के राजनीति में मुखर बने हुए हैं। अपने को कांग्रेस की विरासत और गांधी के सिद्धांतों का उत्तराधिकारी घोषित करने वाले भी भ्रष्ट और सजायाफ्ता अपराधियों का आशीर्वाद बिना हिचक ले रहे हैं। जेपी आंदोलन ने देश को नई आशा और मूल्यों पर राजनीति करने का जो मार्ग दिखलाया था, उससे निकले उनके शिष्यों ने परिवारवाद और धन-संग्रह के लालच में उसे पूरी तरह से नकार दिया। वर्ष 2011 में अन्ना आंदोलन ने देश में एक बार फिर से नई संभावनाओं की ज्योति को प्रस्फुटित कर दिया था। देश को लगा कि उसे ऐसा नेता मिला है, जो कसम खाकर कहता है कि उसे न बंगला चाहिए, न सरकारी गाड़ी चाहिए, न सुरक्षा चाहिए, न ही कोई विशेषाधिकार या उसकी व्यवस्था चाहिए। आज जब विरोधी पक्ष ग्यारह साल के वीडियो दिखाता है तो लोग हतप्रभ रह जाते हैं कि क्या उनके साथ ऐसा भी किया जा सकता है! जनता की समझ और स्थिति का विश्लेषण करने की क्षमता का इतना बड़ा मजाक किसी अन्य ने कभी नहीं बनाया। स्वार्थ, संग्रह और स्वजन के प्रति समर्पित इस राजनीतिक युग में अपवाद छोड़कर स्वार्थ रहित जन सेवा तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण कहीं खो गया है।

# शहीदों का बलिदान सबके लिए प्रेरणादायक: चंद्रकांति नागे

## हिमांशु ब्यूटी पार्लर में धूमधाम से मना आजादी का जश्न

**चारामा, कांकेर।** चारामा नगर के हिमांशु ब्यूटी पार्लर में आजादी का अमृत उत्सव विविध कार्यकमों के साथ मनाया गया।

कौशल विकास प्रशिक्षण शिक्षण केंद्र कांकेर के जिला अधिकारी ने ध्वजारोहण किया ' हिमांशु ब्यूटी पार्लर की प्रशिक्षु बहनों ने राष्ट्रीय गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद देशभक्ति व छत्तीसगढ़ी गीतों पर समां बाधा। इस अवसर पर कौशल विकास कांकेर डायरेक्टर




राजकुमार टंडन , सिद्धार्थ तिवारी कार्यक्रम अधिकारी, अशोक पटेल फील्ड अफसर, धर्मेंद्र पांडे एग्जीक्यूटिव एवं जय कुमार साहू, चित्रलेखा साहू सभी कार्यक्रम में उपस्थित रहे ' हिमान्शु ब्यूटी पार्लर की संचालिका चंद्रकांति नागे ने इस अवसर पर कहा कि शहीदों का बलिदान कभी खाली नहीं जाता। देश के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले सभी वीरों का जीवन हमारे लिये प्रेरणादायक है। कार्यक्रम की संयोजिका एवं संचालिका चंद्रकांति नागे ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया एवं श्रीफल चंदन लगाकर विदाई दी'



खंडाला ता वैजापुर के zp हाईस्कूल को 100वर्ष पुरे होने पर इस स्कूल में पढ़ाई करनेवाले जेष्ठ नागरिक का सम्मान किया गया, माजी सरपंच गोरखजी शिंदे इन्होंने नारायणी सेना संगठन प्रदेश अध्यक्ष अशोक लालचंद पवार इनका सत्कार किया



J1 Rajasthan News के चीफ एडिटर व श्री नारायणी सेना के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्रीमान जितेंद्र जी सेन को मकराना उपखंड स्तर पर उत्कृष्ट पत्रकारिता के क्षेत्र में सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।

- विक्रम सेन (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - श्री नारायणी सेना)

## विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी में मनाया गया आजादी का जश्न

# आजादी का जज्बा शहीदों की कुर्बानी की याद दिलाता है : शगुफ्ता परवीन



**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी ( उपासना एजुकेशन ट्रस्ट) में दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण में पायल एक सवेरा फाउंडेशन की पायल शब्द लाठ, डॉक्टर उज्ज्वला कराडे, फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर मार्टिना जॉन, डॉयटीशियन शगुफ्ता परवीन, डॉक्टर प्रदीप हेनरी और राजेश बेंजामिन विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर डायटीशियन शगुफ्ता परवीन ने कहा कि आजादी का जश्न शहीदों की कुबार्नी की याद दिलाता है जिन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। छात्र छात्राओं के द्वारा देशभक्ति एवं छतीसगढ़ी गानों पर रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी गई।विद्यार्थियों द्वारा राज्यगीत अरपा पैरी के धार समूहगान की प्रस्तुति भी दी गई।

कार्यक्रम में विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी से संस्था अध्यक्ष मिंटू अरोरा,सचिव संध्या चंद्रसेन, मनीषा सैमुअल, मानसी सिंह, दीप जोशी, अभिषेक जोशी सहित संस्था के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# समाज के लिए मिसाल बन रहे नन्हें आरव और राजवीर

## रक्तदान शिविर में बने वालंटियर, अब खुद के जोड़े हुए पैसे से स्कूल को देगें बोर्ड

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** खेलने कूदने और पढ़ाई के साथ शहर के दो होनहार बच्चे आरव खंडूजा और राजवीर लाठ समाजसेवा का पर्याय बन चुके हैं। मानव सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा मानी जाती है और अगर जनसेवा की भावना बचपन से ही आ जाए तो इससे बेहतर एक सभ्य समाज के लिए और कुछ नहीं हो सकता। बिलासपुर में समाजसेवियों द्वारा अलग-अलग आयोजनों में अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन किया जाता है लेकिन अब समाज सेवा सिर्फ बड़ों का एक कर्तव्य नहीं रह गया बल्कि छोटी उम्र के बच्चे भी अपनी सहभागिता से समाज में मिसाल पेश कर रहे हैं। बिलासपुर




में रहने वाले ऐसे ही दो बच्चे छोटी सी उम्र में समाज को नई दिशा दिखाने की राह पर चलते नजर आ रहे हैं। दरअसल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शहर के निजी होटल और राजीव प्लाजा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान 10 वीं कक्षा में पढ़ने वाले आरव खंडूजा और 7वीं कक्षा में पढ़ने वाले राजवीर लाठ ने रक्तदान करने आए लोगों को प्रेरित करने के साथ-साथ वॉलिंटियर का कार्य किया। इसके अलावा दोनों बच्चों ने पर्यावरण के संबंध में वृक्षारोपण की महत्ता पर जानकारी प्रदान की। इतना ही नहीं दोनों बच्चों द्वारा बिलासपुर के तारबाहर स्थित घोड़ादाना स्कूल को अपने जोड़े हुए पैसों से 4 ग्रीन बोर्ड और एक नोटिस बोर्ड भी प्रदान करने जा रहे हैं। पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन की संस्थापिका पायल लाठ ने बताया कि बालपन में ही ऐसी जिम्मेदारी समाज के लिए मिसाल पेश करेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य तैयार करने में सकारात्मक भूमिका निभायेगी।

# पुर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जयंती पर मनपा अस्पताल में फल वितरण



**मुंबई** - भारतरत्न, पुर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जयंती पर मुलुंड कांग्रेस द्वारा मुलुंड



प.पर स्थित एम.टी. अग्रवाल मनपा अस्पताल के मरीजों एवम स्टाफ को फल एवम बिस्कुट पैकेट का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोविंद सिंह (उपाध्यक्ष मुंबई कांग्रेस), वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी.के.तिवारी, डॉ.बाबुलाल सिंह, डॉ.आर. आर.सिंह,किशोर मुंडेकल, भरत सोनी,राजेश इंगले, उत्तम गीते, डॉ.सचिन सिंह, संतोष सोनावणे,धर्मेश सोनी, नीता जोशी, विठ्ठल सातपुते, भगवान किशोर तिवारी, कालिंदा शिंघाडे, कौशल्या गायकवाड, संजय झा, अनिल सिंह, सुनील पाटील, मनीष ठक्कर, विपुल गोगरी, राजन उटवाल,रईस खान, रामु जैसवाल ने अस्पताल में ईलाज ग्रहण कर रहे सभी मरीजों को फल-बिस्कुट पैकेट का वितरण किया।



**महानुभाव दत्त मंदिर लासुरगांव के महंत रामचंद्र बाबा बिडकर, तथा मराठवाड़ा विभागीय आंटी करप्शन ब्यूरो प्रमुख संजय जी पाटील इनका सम्मान करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार**




'कदम कदम पर' समाचार पत्र के चुनार मीडिया प्रभारी पद अन्वेष कुमार मिश्रा को नियुक्त किया गया. इस अवसर पर प्रधान संपादक छोटेलाल शर्मा पहचान पत्र देते हुए.



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, श्री शिव छत्रपति मंडल न्यू नासिक ने आंगनवाड़ी के 3000 छात्रों को लेखन सामग्री और भोजन वितरित किया, सर्व बाल गोपाल श्री मामा ठाकरे बाल भाटिया सर सुरेश देवरे सुभाष बागड़ और न्यू नासिक के आयुक्त डॉ. मयूर पाटिल सुभाष बागड़ अन्य वरिष्ठ नागरिक महिला शिक्षक वर्ग उपस्थित थे.




डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C८९२

# आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ह्लमेरा माटी मेरा देशह्व के सम्बन्ध में ग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूल (CBSC) महरछा, जंघई, प्रयागराज के छात्र एवम छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी का भव्य समारोह सम्पन्न

**श्री** उमेश प्रताप सिंह संस्थापक चेयरमैन श्री राज बली सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट मुंबई द्वारा संचालित

1. ग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूल (CBSC)महरछा, जंघई, प्रयागराज
2. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (बी० एड० कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज
3. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (D.El.Ed.कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज
4. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह, कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च डिप्लोमा इन योगा, महरछा, जंघई, प्रयागराज द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर्व ७७ वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मंगलवार, दिनांक 15 अगस्त 2023 को सुबह 9.30 बजे संस्थान के प्रबन्धक श्री सौरभ उमेश प्रताप सिंह के द्वारा राष्ट्रीय तिरंगे का ध्वजोत्तोलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।













तत्पश्चात छात्र एवम छात्राओं तथा सम्पूर्ण स्टॉफ एवम मैनेजमेंट के दिशा निर्देशन एवम उपस्थिति में संस्थान के प्राचार्य श्री अखिलेश चन्द्र पाण्डेय व प्राचार्या श्रीमती रूचिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ शिक्षक श्री विवेकानंद उपाध्याय व श्री प्रशान्त सर, कराटे चैंपियन एवम सम्पूर्ण स्टॉफ तथा प्रशासनिक अधिकारी श्री आशुतोष कुमार सिंह व प्रशानिक स्टॉफ श्री त्रिभुवन नाथ, श्री अंकित कुमार सिंह, श्री पंकज सिंह के विशेष सहयोग से प्रभात फेरी ह्ल मेरा माटी मेरा देशह्व के सम्बंध में माननीय पुलिस इंस्पेक्टर मा० श्री सुधीर कुमार पांडेय पुलिस इंस्पेक्टर, पुलिस चौकी इंचार्ज जंघई के मार्गदर्शन एवम कुशल दिशा निर्देश में सौहार्दपूर्ण वातावरण में भव्य प्रभात फेरी ग्लोबल इण्टरनेशनल स्कूल महरछा, जंघई बाजार, हंडिया, प्रयागराज से सटे हुए गावों होते हुए दुगार्गंज बाजार, जंघई बाजार होते हुए अपने विद्यालय प्रांगण तक निकाली गई क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवम शुभ चितकों ने प्रभात फेरी मेरा माटी मेरा देश में भाग छात्र एवम छात्राओं तथा विद्यालय परिवार व प्रबन्ध श्री सौरभ सिंह के सार्थक प्रयास की सहाना किया। प्रभात फेरी के समापन पर संस्था के प्रबंधक श्री सौरभ सिंह एवम प्राचार्य श्री अखिलेश चन्द्र पाण्डेय ने मा० श्री सुधीर कुमार पांडेय पुलिस इंस्पेक्टर, जंघई बाजार को शाल श्रीफल सम्मान चिन्ह मोमेंटो भेंट कर एवम सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश चन्द्र पाण्डेय प्राचार्य जी ने किया। आभार प्रदर्शन का कार्य श्रीमती रूचिता श्रीवास्तव प्राचार्या ह्लग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूलह्व महरछा ने किया। संस्थान के चेयरमैन श्री उमेश प्रताप सिंह जी ने स्कूल सभी छात्र एवम उनके अभिभावकों, विद्यालय परिवार के सम्पूर्ण सदस्यों/स्टॉफ व विशेषकर संस्थान के प्रबंधक श्री सौरभ सिंह को ढेरों शुभ कामनाएं एवम बधाइयां दी की आपके निर्देशन में भव्य प्रभात फेरी ह्लमेरा माटी मेरा देशह्व का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग आजादी के अमृतमहोत्सव के ७७ वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धूम धाम से निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ।



आयोजक- सौरभ उमेश प्रताप सिंह
प्रबंधक - ग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूल (CBSC)महरछा, जंघई, प्रयागराज उत्तर प्रदेश

# देहरादून काव्य पुरस्कार - 2023 युवा साहित्यकार पवन तिवारी को

**मुंबई:–** युवा साहित्यकार पवन तिवारी को वर्ष 2022 के लिए देहरादून का 21000 हजार रुपए का प्रतिष्ठित काव्य पुरस्कार संत कवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर देवभूमि देहरादून के नगर निगम सभागृह में 23 अगस्त, बुधवार 2023 को एक भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया जायेगा. समिति के प्रवक्ता एवं कवि श्रीकांत सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश अम्बेडकर नगर जहाँगीर गंज के मूल निवासी एवं वर्तमान में विगत 25 वर्षों से मुंबई में रहकर साहित्य साधना करने वाले ख्यात युवा साहित्यकार पवन तिवारी को उनके चर्चित कविता संग्रह ह्यकाले अक्षर, कविता और कवि' के लिए पंडित महेंद्र सिंह स्मृति काव्य पुरस्कार -2023 शाल, स्मृति चिन्ह, श्रीफल एवं 21000 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जायेगी।

ज्ञात हो कि पवन तिवारी साहित्य की लगभग सभी विधाओं में रचने वाले साहित्यकार हैं। उनके अब दो कहानी संग्रह- चवन्नी का मेला, पेड़ा बाबा की कृपा, दो उपन्यास- अठन्नी वाले बाबूजी (महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी से पुरस्कृत) त्यागमूर्ति हिडिम्बा (साहित्य चेतना पुरस्कार, छत्तीसगढ़ ) तथा दो कविता संग्रह- काले अक्षर, कविता और कवि एवं मैंने प्रेम बो दिया। पवन तिवारी का आगामी उपन्यास ह्वविद्रोही शुक्राचार्य' शीघ्र प्रकाशित होने वाला है। अब तक उन्हें सैकड़ों पुरस्कार एवं सम्मान हिंदी भाषा, साहित्य एवं पत्रकारिता के लिए मिल चुके हैं। इस अवसर पर अनेक रचनाकारों एवं शुभचिंतकों ने पवन तिवारी को बधाई दी है। जिसमें वरिष्ठ समाज सेवी डॉ बाबूलाल सिंह आर के पब्लिकेशन के निदेशक राम कुमार, अखिल भारतीय अग्निशिखा मंच की अध्यक्ष अलका पांडेय, वरिष्ठ साहित्यकार पंडित दयाशंकर त्रिपाठी,शोधशक्ति के प्रधान सम्पादक श्यामधर पांडेय, वैद्यनाथ बोर्ड के सलाहकार वैद्यराज तरुण कुमार त्रिपाठी, वीररस की ख्यात कवयित्री डॉ वर्षा सिंह ने बधाई दी है।






यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com

# प्राथमिक विद्यालय में 77 वें स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन संपन्न









**चुनार,** आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश के संबंध में प्राथमिक विद्यालय गोरयां सिखड चुनार छात्र एवं छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। पंचायत भवन में अध्यक्ष ग्राम प्रधान धनंजय मिश्रा, कदम कदम समाचार पत्र के संपादक छोटेलाल शर्मा, मुन्ना पांडे, जितेंद्र त्रिपाठी (मास्टर), नागेंद्र कुमार त्रिपाठी, जयप्रकाश त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, गुड्डू, अभय राज मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी, मुख्य अध्यापक, शिक्षक, शिक्षकेतर और विद्यार्थियों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।






# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिला सेन समाज का प्रतिनिधि मंडल

**लखनऊ,** डॉक्टर रणवीर सिंह जी के नेतृत्व में सेन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने डॉक्टर लक्ष्मण राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा भारतीय जनता पार्टी से दिल्ली में मुलाकात की। इसमें सेन समाज के साथ-साथ अति पिछड़े एवं अत्यंत पिछड़े समाज की समस्याओं को रखा गया। इस मुलाकात में मुख्य रूप से भारत सरकार द्वारा 27 परसेंट आरक्षण का लाभ सभी वर्गों को दिए जाने हेतु इस 27 परसेंट आरक्षण के वर्गीकरण करने, रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को लागू करने की मांग की गई। सरजीत सिंह खंडा साल ने बताया कि सेन समाज की पूरे भारत में जनसंख्या लगभग चार प्रतिशत है, उस हिसाब से आगामी पार्लियामेंट चुनाव में 22 सीटों पर



हिस्सेदारी बनती है। सेन समाज के उपयुक्त लोगों को आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी टिकट देने का काम करें। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से डॉक्टर रणवीर सिंह नवीन शर्मा, सरजीत सिंह, खंड साल, जग रोशन दरोगा, पवन सिंह जी चंद्र पवार, कुलदीप सिंह लोनी, सेन संजय दिल्ली, वीरेंद्र कुमार रायबरेली उपस्थित थे।

## मंगरहा बाजार में मोबाइल की दुकान से लाखों की चोरी

**मिर्जापुर,** मंगरहा बाजार में हर्ष मोबाइल की दुकान से रात में चोरों ने छत पर चढ़कर छत तोड़कर पटिया हटाकर अंदर घुस गए और लाखों रुपए का मोबाइल बैटरी नेक बैंक नियर बैंक रिचा जी सामान लेकर चोर फरार हो गए बताया गया कि दीपू शर्मा का मोबाइल का दुकान सागर सिटी के सामने मगर हां बाजार में स्थित है, जहां चोरों ने मोबाइल और अन्य सामानों पर हाथ साफ कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक मामला पुलिस थाने में दर्ज कराया गया है, वही पुलिस चोरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।




दिनांक 19 सितंबर 2023 को MAWIP यूनिवर्सिटी कॉलेज कैंपस मलेशिया में वर्ष 2022-23 के सर्वश्रेष्ठ प्रिंसिपल के रूप में मलाशियन यूनिवर्सिटी और फार्मास्युटिकल रॉयल इंटरनेशनल सोसाइटी (PRISAL) के कुलपति द्वारा प्रिंसिपल डॉ. संजय शर्मा को सम्मानित किया गया है। शुभम शर्मा को भी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत्व में स्वजातीय मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**सुजानगंज –** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि0ब्लॉक अध्यक्ष सुजानगंज मुकेश शर्मा के नेतृत्व में श्रावण के पवित्र माह में महाशिव पूजा,शोभा यात्रा व स्वजातीय नाई मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें जिले के तमाम पदाधिकारी व स्वजातीय भाई उपस्थित रहे। जिसमें संस्था संरक्षक व प्रेरणा स्रोत ओंकार नाथ शर्मा (पूर्व प्रधानाध्यापक), लक्षनधारी शर्मा (पूर्व प्रधान), बच्चन शर्मा, पन्ना लाल शर्मा,प्रेम शंकर शर्मा,हरीश चंद्र शर्मा(अध्यापक),पंचम राम शर्मा,विमल कुमार शर्मा,संस्था








अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा,रविंद्र शर्मा, प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा,कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा,सचिव प्रमोद कुमार शर्मा,मंडल अध्यक्ष अवधेश शर्मा, जौनपुर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार शर्मा,उपाध्यक्ष कन्हैया लाल शर्मा,भदोही जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा,सुजानगंज ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश शर्मा, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा (पप्पू),बक्सा ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा संस्था कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र शर्मा, डा0करमचंद शर्मा,शिव प्रकाश शर्मा मुलायम शर्मा तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जेली फिश; समुद्री किनारों पर दहशत का माहौल,

## जुहू बीच के पास डॉक्टरों की एक टीम भी एंबुलेंस के साथ तैनात

**मुंबई :** इन दिनों मुंबई के आसपास समुद्री किनारों पर दहशत का माहौल बना हुआ है। यह किसी गुंडे या बदमाश से नहीं बल्कि खतरनाक मछलियों के चलते बना है। यहां तक कि घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए मनपा ने एंबुलेंस भी तैनात किया है। खासकर, जुहू बीच के पास डॉक्टरों की एक टीम भी एंबुलेंस के साथ तैनात है। जहरीली मछली जेली फिश और स्टिंग रे दोनों का आवागमन इन दिनों मुंबई के समुद्री किनारों पर बढ़ गया है। इन मछलियों के काटने से पर्यटकों की हालात खराब हो जा रही है। कुछ तो बेहोश तक हो जा रहे हैं तो कुछ को दर्द इतना कि बर्दाश्त करना मुश्किल हो जाता है। मनपा के अनुसार, ये



दोनों प्रजाति की मछलियां अब तक दर्जनों लोगों को शिकार बना चुकी हैं। मत्स्य विभाग ने इन दोनों मछलियों के संबंध में सूचना जारी कर लोगों से समुद्री किनारों पर पानी में न जाने की अपील की है। साथ ही मनपा से पीड़ितों के इलाज के लिए सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मत्स्य विभाग के अनुसार, मानसून में समुद्र किनारे पानी में जाने से लोग बचें और यदि किसी मछली ने काट लिया तो उसका तुरंत इलाज कराएं। मनपा के १०८ एंबुलेंस को संपर्क कर मदद पा सकते हैं।

अधिकारियों के अनुसार, अगस्त से अक्टूबर की अवधि के दौरान मुंबई तट पर 'ब्लू बटन जेली फिश' और 'स्टिंग रे' की अधिक प्रजातिया आती हैं। कुछ दिन पहले मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने जुहू चौपाटी का दौरा किया था। मत्स्य पालन विभाग ने नागरिकों को जेली फिश के काटने के मद्देनजर आवश्यक उपाय करने का अनुरोध किया है। लोगों को समुद्र में जाने से रोकते हुए आवश्यक सुरक्षा उपाय करने की पहल की है।

गणपति विसर्जन तक जेली फिश समुद्र में मौजूद रहती हैं। हर शनिवार और रविवार को लगभग २५ हजार पर्यटक जुहू बीच पर आते हैं।

# कल्याण/ नाबालिग युवक की पीट-पीट कर हत्या

**कल्याण :** कल्याण-पूर्व में अपराधियों का हौसला चरम पर पहुंच गया है। पूरे सूबे में अराजकता की स्थित बनी हुई है। रोज किसी न किसी घटना को अपराधियों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। कानून का भय अपराधियों के मन में अब नजर नहीं आ रहा है। कोलसेवाड़ी पुलिस थाने की सीमा में दो दिन पहले एक नाबालिग युवती की हत्या से नागरिक अभी उबरे भी नहीं थे कि एक नाबालिग युवक की पीट-पीट कर हत्या करने की घटना सामने आई है। हत्या के मामले में कोलसेवाड़ी पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है, जिसमें दो नाबालिग बताए जा रहे हैं। मृतक युवक के ऊपर भी कोलसेवाड़ी पुलिस थाने में कई मामले दर्ज हैं।




मिली जानकारी के अनुसार, मृतक समीर लोखंडे (17) व उसके दोस्तों के साथ क्षेत्र के रहनेवाले लड़कों के साथ कुछ दिन पहले मार-पीट हुई थी। इस मार-पीट में समीर लोखंडे ने जितेश तिवारी नामक युवक की पिटाई कर दी थी, जिससे उसके सिर पर दो टांके भी लगे थे। इसी बात का गुस्सा तिवारी व उनके दोस्तों के मन में था। शुक्रवार शाम को समीर लोखंडे कल्याण-पूर्व आई वार्ड के पास अपने दो दोस्तों के साथ खड़ा था कि तिवारी के दोस्तों की नजर लोखंडे व उसके दोस्तों पर पड़ी। इन लोगों ने मिलकर समीर व उनके दोस्तों की पिटाई करने लगे। मौका देख कर समीर के दोस्त वहां से फरार हो गए, लेकिन समीर इन लोगों के चंगुल से नहीं बच पाया। इन लोगों ने समीर को कल्याण-पूर्व आई वार्ड के पीछे स्थित एक गार्डन में लेकर गए और वहां डंडे से जमकर पिटाई किए, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। जिसे उपचार के लिए मुंबई के सायन अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान समीर लोखंडे की मौत हो गई। पुलिस ने इस संदर्भ में मुकेश उर्फ विठ्ठल कान्या, नीरज दास सहित दो नाबालिग युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया। फिलहाल, कोलसेवाड़ी पुलिस अन्य हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है।

# महाराष्ट्र में लाइटर को लेकर कूरियर डिलीवरी बॉय से मारपीट... आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र से एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। पूर्वी महाराष्ट्र के घाटकोपर में माता रमाबाई अंबेडकर नगर में एक कूरियर डिलीवरी बॉय पर चार लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित को रॉड के साथ बेरहमी से पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। यह घटना 18 अगस्त की है। पीड़ित शाहिद खान (34) और चार लोगों के बीच लाइटर को लेकर बहस हुई जिसके बाद उसकी पिटाई की गई। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित शाहिद खान ने बताया कि घटना के दिन वह दोपहर करीब 1:15 बजे काम से घर लौट रहे थे, जैसे ही वह रमाबाई अंबेडकर नगर में गौसिया मस्जिद के पास पहुंचे तो एक आरोपी ने उनसे सिगरेट जलाने के लिए लाइटर मांगा। खान ने उन्हें लाइटर दे दिया, लेकिन काफी देर तक लाइटर वापस न करने पर खान



ने उनसे अपना लाइटर वापस मांगा। इसको लेकर दोनों में बहस हो गई।

खान ने पुलिस को बताया कि स्थिति तब खराब हो गई जब उस आदमी ने न केवल लाइटर लौटाने से इनकार कर दिया बल्कि मुझे गालियां देना भी शुरू कर दिया, फिर उसने अपने तीन दोस्तों को बुलाया और मुझ पर हमला किया। जिसमें मेरे चेहरे, सिर, कंधे और पीठ पर वार किए गए। मेरे पेट और पीठ पर भी घूंसे और लातें मारीं।

हमले के बाद हमलावर घटनास्थल से चले गए, जिससे खान को भागने और अपने घर पहुंचने का मौका मिल गया। उन्होंने इस घटना की जानकारी अपनी पत्नी और भाई को दी। खान की हालत के बारे में चिंतित होकर वे उसे राजावाड़ी अस्पताल ले गए, जहां उसकी चोटों का इलाज किया गया। घटना का पता शुक्रवार सुबह चला। खान के बयान के आधार पर पुलिस ने चार संदिग्धों की पहचान की, जिसमें जतिन संजय सिंह, विशाल गौतम जाधव, क्षितिक उर्फ दत्ता कांबले (माल्टो), और महेंद्र मुकेश सिंह शामिल हैं। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात सभी चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# डोर-टू-डोर अभियान... मलेरिया के १,५७८ और डेंगू लार्वा से प्रभावित १०,६५९ स्थानों की खोज

**मुंबई :** बीमारी फैलानेवाले मच्छरों की उत्पत्ति से पहले ही उन्हें यमलोक पहुंचाने का काम मनपा कर रही है। इसके तहत मच्छरों के प्रजनन स्थलों को ही खत्म करने का बीड़ा उठाते हुए मनपा प्रशासन की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर में जिन क्षेत्रों में बारिश का पानी जमा हो रहा है, उनकी खोज कर मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा रहा है। मनपा की टीमों ने बीते दो सप्ताह में व्यापक तरीके से डोर-टू-डोर अभियान चलाकर मलेरिया के १,५७८ और डेंगू लार्वा से प्रभावित १०,६५९ स्थानों की खोज की है। दूसरी तरफ जनवरी से जून तक ७,६९३ निवासी और वाणिज्यिक परिसरों को नोटिस जारी किए गए। इतना ही नहीं मच्छरों के प्रजनन को रोकने में विफल



रहनेवालों के खिलाफ कोर्ट में २६२ मामले दायर किए गए हैं। इस कानूनी कार्रवाई के परिणामस्वरूप ६.४१ लाख का जुर्माना भी लगाया गया है।

उल्लेखनीय है कि मनपा का कीटनाशक विभाग निवारक उपाय के तौर पर हर साल मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर उन्हें नष्ट करता है। हालांकि, मुंबई शहर के कुछ क्षेत्र बहुत ही संकरे हैं, जहां निवारक उपाय करने में अड़चन पैदा होती है। इनमें वर्ली, लोअर परेल और महालक्ष्मी जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। ऐसे में मनपा इन क्षेत्रों में कीटाणु नाशक छिड़काव के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करती है। मुंबई में जुलाई में पर्याप्त बारिश हुई, लेकिन अगस्त में बरसात सुस्त पड़ गई है। एक सप्ताह से अधिक समय तक पानी जमा रहने पर मच्छर पनपने लगते हैं। इसलिए मनपा के कीटनाशक विभाग ने शहर भर में घर-घर निरीक्षण की पहल शुरू की है। विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, १ से १३ अगस्त तक उन्होंने मलेरिया बीमारी के लिए जिम्मेदार एनोफिलिस मच्छरों के लिए १३,२२० घरों और ३५,४३५ प्रजनन स्रोतों की जांच की। इसी तरह डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छरों के मामले में इसी अवधि के दौरान ७,४१,५१९ घरों और ७,९१,७५० कंटेनरों का निरीक्षण किया गया।

# चिटफंड स्कीम के माध्यम से निवेश करने के नाम पर लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए का घोटाला

**नई मुंबई :** सीबीडी पुलिस द्वारा चिटफंड स्कीम के माध्यम से निवेश करने के नाम पर लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए का घोटाला किए जाने के मामले में २५ एजेंटों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सीबीडी पुलिस के मुताबिक, इस चिटफंड स्कीम में ५ करोड़ ४७ लाख ४६,४०० रुपए गबन करने के आरोप में २५ दलालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस को आशंका है कि अभी इस मामले में और भी कई लोग सामने आ सकते हैं तथा चिटफंड के नाम पर सैकड़ों करोड़ का गबन किए जाने की उम्मीद भी जताई जा रही है। बेलापुर सेक्टर-१५ स्थित तुलसी टॉवर में तीसरे मंजिल पर ३०५ ऑफिस में चिटफंड स्कीम के जरिए लोगों को प्रलोभन दिया गया कि ३२ हजार रुपए निवेश करने पर ४० दिन बाद ५० हजार




रुपए रिटर्न दिया जाएगा। इस तरह की लालच में आकर कई लोगों ने कार्यालय में जाकर निवेश करने से पहले बातचीत किया तो निवेशकों को दलालों पर यकीन हो गया और पैसे जमा करना शुरू कर दिया। उरण में रहने वाले नीरज श्यामकांत दरणे के गांव में रहने वाले उनके नजदीकी दोस्त एकनाथ भोईर का सतीश विष्णु गावंड से पहचान थी और उन्होंने चिटफंड स्कीम की जानकारी देते हुए बताया कि ३२ हजार निवेश करने पर ४० दिन बाद ५० हजार रुपए रिफंड दिया जाएगा। इस तरह की लालच में आकर बेलापुर स्थित कार्यालय में गए तो वहां पर सुजीत मनोहर म्हात्रे और नितेश धर्मा पाटील से मुलाकात हुई। इन लोगों से पूछताछ की गई तो वहां मौजूद दलालों ने अपने जाल में ऐसा फंसाया कि कई मछलियां इस जाल में फंस गई। इस तरह से हजारों की तादात में लोगों ने साढ़े पांच करोड़ रुपए से ज्यादा निवेश कर दिया, लेकिन जब उनका पैसा रिटर्न नहीं हुआ तो निवेशकों को आशंका होने लगी, इसलिए पुलिस स्टेशन पहुंच गए। अभी भी यह उम्मीद जताई जा रही है कि निवेशकों की संख्या बढ़ सकती है।

# सजा काटकर निकले आतंकियों पर विशेष रूप से नजर



**मुंबई :** महाराष्ट्र मॉड्यूल मामले में पुणे से गिरफ्तार आइसिस आतंकी मामले में जांच कर रही एनआईए ने प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) और इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के साथ काम कर चुके आतंकी अब आइसिस के साथ हाथ मिलाए जाने का खुलासा किया था। इस खुलासे के बाद सिमी के सदस्य रह चुके भिवंडी से गिरफ्तार नाचन के घर पर छापेमारी कर कई कागजात बरामद किए थे। अब एनआईए ने सिमी या इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी जो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार थे और सजा काटकर निकले हैं, ऐसे लोगों की सूची बनानी शुरू कर दी है। इन आतंकियों पर विशेष रूप से नजर रखी जा रही है, क्योंकि एक बार फिर सिमी की ओर से इंडियन मुजाहिदीन को आइसिस की तरफ से जिंदा करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए विदेशों से फंड भेजे जाने का खुलासा गिरफ्तार आतंकियों के बैंक अकाउंट से हुआ है। बता दें कि पुणे के कोथरूड में पेट्रोलिंग के दौरान दो लोगों को संदेह के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जांच में खुलासा हुआ था कि ये दोनों मोटरसाइकिल चोरी कर रहे हैं। आगे जांच में यह सामने आया है कि दोनों इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) की शाखा सुफा के लिए काम कर रहे थे और एनआईए के एक केस में वांटेड थे। पुणे से गिरफ्तार आरोपी शाहनवाज आलम अब तक की आतंकी योजना में मास्टरमाइंड रहा है। इसका खुलासा होते ही एटीएस के हवाले दोनों को कर दिया गया।

# मुंबई को जलापूर्ति करनेवाले सभी सातों जलाशयों में जल भंडारण ८३ फीसदी

**मुंबई :** मुंबई में हर साल अच्छी बारिश होती है, लेकिन इस बार अगस्त महीने में इंद्र देव कुपित दिखाई दे रहे हैं। एक तरह से यह कहना गलत नहीं होगा कि मानसून ने मुंबई से मुंह मोड़ लिया है। ऐसे में मुंबईकरों का अच्छी बारिश के लिए इंतजार और लंबा होने की उम्मीद है। फिलहाल, मुंबई में अब तक सालाना औसतन ७३ फीसदी बारिश हो चुकी है, वहीं जलाशय क्षेत्रों में भी बारिश का ब्रेक लग गया है। इसलिए मुंबई को जलापूर्ति करनेवाले सभी सातों जलाशयों में जल भंडारण ८३ फीसदी पर स्थिर हो गया है।

उल्लेखनीय है कि महानगर में मानसून ने जून महीने के आखरी सप्ताह में दस्तक दी थी और फिर जो बारिश हुई, उसने कुछ रिकॉर्ड भी स्थापित किए। महज दो महीने में उपनगर में



२,००० मिमी से अधिक और शहर में १,५०० मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई, लेकिन अगस्त आते ही बारिश पर अस्थाई ब्रेक लग गया है। पिछले १३ दिनों में नाममात्र की बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, उपनगर में ३० मिमी और शहर में २८ मिमी बारिश ही दर्ज की गई है। बारिश के उक्त आंकड़े दर्शाते हैं कि मानसूनी गतिविधि बेहद कम हो गई है।

मुंबई में बारिश न होने के कारण अधिकतम तापमान ३० डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ है। शनिवार को मुंबई का अधिकतम तापमान ३१.८ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तपामन २६ डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। मुंबई समेत राज्य के कई जिलों में आगामी एक सप्ताह तक अच्छी बारिश के कोई आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में अगर हुई तो हल्की बारिश ही होगी। इस साल भले ही अच्छी बारिश हुई है, लेकिन जलाशय क्षेत्रों में अन्य वर्षों की तुलना में बरसात और जल भंडारण भी कम हुआ है। बताया गया है कि जल भंडारण में अभी भी १५ से १७ फीसदी की कमी है।

वर्तमान में सभी सात जलाशयों में १२ लाख ८ हजार ६२४ मिलियन लीटर यानी ८३.५१ फीसदी पानी जमा हो चुका है। इसके चलते फिलहाल मुंबई में लागू की गई १० फीसदी जलापूर्ति कटौती रद्द कर दी गई है। हालांकि, मनपा प्रशासन इस बात पर ध्यान दे रहा है कि जलाशयों में पानी का भंडारण बढ़ रहा है या नहीं। जल अभियंता विभाग भी जलाशय के जलस्तर पर नजर रख रहा है, ताकि डेढ़ से दो माह की बारिश शेष रहने के बावजूद भी जलाशय में पानी की कमी न होने पाए।



नाग पंचमी का कार्यक्रम सिखड, चुनार, मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश में बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक श्री सुरेश त्रिपाठी व गणमान्य लोगों में श्री सतीश मास्टर त्रिपाठी, नागेंद्र कुमार त्रिपाठी, ग्राम प्रधान धनंजय मिश्रा जी व बबलू त्रिपाठी, डॉक्टर त्रिपाठी, गुड्डू मिश्रा, राजेश शर्मा, दिवाकर मिश्रा, नन्हें त्रिपाठी योगेश त्रिपाठी, काशीनाथ गुप्ता व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जालसाजों की तलाश में पुलिस

**अंबरनाथ :** अंबरनाथ के सात लोगों को टाटा अस्पताल में नौकरी लगाने के नाम पर दो आरोपियों द्वारा लाखों रुपए लिया गया। इन दोनों जालसाजों की तलाश में अंबरनाथ पुलिस लगी हुई है। अंबरनाथ के जूना भेंडीपाड़ा के कपड़ा व्यवसाई तौफीक अहमद अंसारी (३१) ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाया है कि एक आरोपी अंबरनाथ-पूर्व के स'दरी सोसायटी, नवरें नगर तथा दूसरा टोपीवाला बिल्डिंग, परेल मुंबई में रहता था। दोनों ने टाटा अस्पताल में नौकरी लगाने के लिए तौफीक के अलावा अन्य ६ लोगों से १२




अगस्त २०२१ को संतोष गुप्ता की भेल की दुकान पर बैठ कर १० लाख ५० हजार रुपए लिया। २०२१ से लेकर अब तक आज-कल नौकरी पर रखवाने का झांसा देता रहा। आखिर में परेशान होकर सातों ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया। इस पर दोनों की तलाश अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के पुलिस उपनिरीक्षक आर.एच. गावड़े कर रहे हैं।

# ठाणे जिले में रेलवे कर्मचारी का शव मिला



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे का एक कर्मचारी अपने घर में रविवार को मृत पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रेलवे के 45 वर्षीय एक कर्मचारी का शव दोपहर में कल्याण शहर के कोलसेवाड़ी इलाके में उसके घर में छत से लटका हुआ पाया गया। उन्होंने बताया कि शव क्षत-विक्षत हालत में मिला है। उन्होंने बताया कि वह उपनगरीय रेलवे नेटवर्क में लोको पायलट के रूप में कार्यरत था और अकेला रहता था। उन्होंने बताया कि उस व्यक्ति के पड़ोसियों ने पुलिस को तब सूचित किया जब घर से दुर्गंध आने लगी और उन्होंने पिछले कुछ दिनों से उसे नहीं देखा था।

# मुंबई में एक महिला ने 18वीं मंजिल से कूदकर दे दी जान...

## पिछले तीन महीने से कुछ बीमारियों से थी पीड़ित




**मुंबई :** मुंबई के पूर्वी उपनगर भांडुप में एक ऊंची इमारत से एक महिला ने 20 अगस्त (रविवार) को कूदकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने इस घटना कि जानकारी देते हुए बताया कि 47 वर्षीय महिला ने 18वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली है।

**बीमारियों से ग्रसित थी महिला**

भांडुप पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता रीना सोलंकी पिछले तीन महीने से कुछ बीमारियों से पीड़ित थी और इसके कारण मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। उन्होंने आगे बताया कि यह घटना सुबह 22 मंजिला त्रिवेणी संगम हाउसिंग सोसायटी में हुई, जब महिला एक कुर्सी पर खड़ी थी और 18वीं मंजिल के अपार्टमेंट की खिड़की से बाहर कूद गई।

**जांच में जुटी पुलिस**

अधिकारी ने बताया कि घटना के तुरंत बाद रीना सोलंकी को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक सूचना के आधार पर दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर 6 किलो सोना बरामद...



**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) ने मुंबई एयरपोर्ट पर पांच यात्रियों की तलाशी लेने के बाद 6 किलो सोना जब्त किया है। बरामद किए गए सोने की कीमत 3.20 करोड़ रुपये अंतरराष्ट्रीय बाजार में आंकी गई है। इस मामले की गहन छानबीन कस्टम विभाग की टीम कर रही . जानकारी के अनुसार शनिवार को पांच यात्री दुबई से मुंबई आए थे। इन लोगो ने अंडरवियर, जूते और पतलून में छिपाकर सोने की पेस्ट छिपाकर लाया था। लेकिन इसकी जानकारी कस्टम विभाग की टीम को पहले ही पता चल गई थी। इसीलिए कस्टम विभाग के अधिकारियों ने इन पांचों को मुंबई एयरपोर्ट पर रोका और इनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान इन पांचों के पास से छह किलो सोना बरामद किया गया है। इसके बाद कस्टम अधिकारियों ने इन पांचों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की गहन छानबीन कस्टम विभाग की टीम कर रही है।

# उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड स्पोर्टस चैंपियनशिप 2023 की क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में नंदिनी सेन प्रथम

**चुनार।** चुनार कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन की पुत्री नंदिनी सेन ने बीतें दिनों नैनीताल में आयोजित उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड स्पोर्टस चैंपियनशिप 2023 की क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है।

बिटिया की सफलता पर उसके स्वागत सम्मान एवं आशीर्वाद हेतु नंदिनी के जन्म दिन के अवसर पर परिवार द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पुलिस, मिडिया व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।नंदिनी राज इंग्लिश स्कूल वाराणसी में बारहवीं की छात्रा हैं।रामनगर नैनीताल में 29 जुलाई को संपन्न हुए सेमी क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की ओर से नंदिनी ने अंडर 19 में प्रथम स्थान हासिल कर नाम रोशन किया है।इसके पूर्व दो जून को काठमांडू नेपाल में आयोजित इंडो नेपाल स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2023 सेमी डांस प्रतियोगिता में भी नंदिनी ने उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग कर तीसरा स्थान हासिल किया था।

नंदिनी की सफलता पर पुलिस उपाधीक्षक उमाशंकर सिंह नगर के गणमान्य लोग एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने हर्ष जताते हुए नंदिनी को बधाई दी है।



नैनीताल में सेमी क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नंदिनी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में उपहार देकर आशीर्वाद देते अमर उजाला पत्रकार शिवा शर्मा। ।



स्वागत सम्मान एवं आशीर्वाद के लिए आयोजित कार्यक्रम से पूर्व नंदिनी परिवार के साथ जन्मदिन का केक काटते हुए।

# संस्था के कोर कमेटी द्वारा किया गया पदाधिकारियों को मनोनित......




भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था द्वारा एक आवश्यक बैठक मुकेश कुमार शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष सुजानगंज के नेतृत्व में गौरी शंकर धाम सुजानगंज में स्वजातीय नाई मिलन समारोह का आयोजन किया गया।संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने सभी स्वजातीय भाईयो को संस्था द्वारा किए गए कार्यों को एक-एक करके बताया। लोगों ने सराहना करते हुए यह कहा की संस्था में तमाम ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं।जो सराहनीय है ।संस्था द्वारा अध्यक्ष व कोर कमेटी के पदाधिकारीयो की सहमति से मंडल, जिला और ब्लॉक के पदाधिकारीयो को मनोनित भी किया गया जिसमे पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीअवधेश कुमार शर्मा जी के कार्य कुशलता को देखते हुए संस्था ने उन्हें मंडल वाराणसी का अध्यक्ष नियुक्त किया है समाज सेवी श्री सुरेंद्र शर्मा जी को जौनपुर जिले का जिला अध्यक्ष चुना गया है ।समाजसेवी श्री कन्हैया लाल शर्मा जी को संस्था द्वारा जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।श्री मुकेश कुमार शर्मा जी को सुजानगंज का ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया है और नरेंद्र कुमार शर्मा जी को बक्सा ब्लॉक का अध्यक्ष चुना गया है।हम सबको आशा और विश्वास है की आप सब संस्था के कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभायेंगे। संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा,प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा,कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा,उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार शर्मा, सचिव प्रमोद कुमार शर्मा, ओंकार नाथ शर्मा पूर्व अध्यापक, लक्षणधारी शर्मा पूर्व प्रधान, बच्चन शर्मा,पन्ना लाल शर्मा,प्रेम शंकर शर्मा,पंचम राम शर्मा कार्यकारिणी सदस्य कर्म राज शर्मा, विमल कुमार शर्मा,राजेंद्र शर्मा,विपिन कुमार शर्मा, पप्पू शर्मा सैकड़ों स्वजातीय भाई व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# युवाओं का मंच - बहुजन विकास संघ

**मुंबई-**बहुजन विकास संघ महाराष्ट्र प्रदेश आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन /नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम बड़े ही सुन्दर और भव्य समारोह परेल मुंबई में बहुजन समाज के महापुरुषों के फोटो पर माला अर्पण कर कोटि नमन वंदन करते हुए किया गया, कार्य कुशल युवा नेतृत्व महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नरेश बहोत के आदेशनुसार कार्यकर्ता सम्मेलन /नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में युनिट, शाखा, मुंबई, महाराष्ट्र प्रदेश की 22 नियुक्तियां की गई, बहुजन विकास संघ के मंच पर युवाओं और महिलाओं को स्थान दिया गया, नई सोच नई दिशा नई ऊर्जा के साथ बहुजन विकास संघ संपूर्ण महाराष्ट्र प्रदेश में आगे बढ़ रहा है, बहुजन विकास संघ आयोजित कार्यकर्ता मेलावा कार्यक्रम आयोजक - महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज रमेश बनाफल मंच संचालन, महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष विनोदकुमार कजानिया महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव विक्रम गोहर ने किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता,

राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगादास बाल्मीकि ने की । स्वागत सत्कार, राष्ट्रीय महासचिव अरुण चौहान नरेश भगवाने , बिरपाल भाल ,महाराष्ट्र महासचिव,सोनी चौहान , रीना चंडालिया सोलापुर जिला अध्यक्ष ,राजेश खत्री ने सभी कार्यकर्ता पदाधिकारीयों का स्वागत किया ।




# मेरी माटी,मेरा देश थीम पर आजादी का अमृतमहोत्सव समारोह संपन्न

**मुंबई-** स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर मेरी माटी,मेरा देश थीम पर आजादी का अमृतमहोत्सव समारोह आर.आर. एजुकेशनल ट्रस्ट सभागृह, म्हाडा,मुलुंड पूर्व पर अध्यक्ष डा.आर.आर.सिंह के मार्गदर्शन में समारोहपुर्वक संपन्न हुआ।

आर. आर. एज्युकेशनल ट्रस्ट, मराठी प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय अँड ज्युनियर कॉलेज, प्रायमरी अँड सेंकडरी इंग्लिश स्कूल,' बी.एड कॉलेज तथा हॉटेल मॅनेजमेंट के प्राचार्य, मुख्याध्यापक,शिक्षक , शिक्षकेतर कर्मचारी और विद्यार्थीयों की उपस्थिती में 76 वा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

स्वतंत्रता दिन निमित्त, प्रमुख अतिथी के रूप में नवघर ,श्री.राजपूत साहेब (पोलीस उपनिरीक्षक ) और अजित की उपस्थिती में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ तत्पश्चात



पोलीस स्टेशन के पोलीस निरीक्षक( गुन्हे ) साबळे साहेब जोबनपुत्रा सर और संस्था सचिव रामचंद्र सिंह, पुनमासीं सिंह विद्यार्थियो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।